<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–13 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आज प्रयागराज में महाकुंभ दो हजार पच्चीस का औपचारिक उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। करीब सात हजार करोड़ रूपये की महाकुंभ परियोजनाओं की देंगे सौगात।
- सुप्रीम कोर्ट में पूजा स्थल कानून का मामला लम्बित होने तक धर्म स्थलों से जुड़े दावों पर नहीं सुने जायेंगे नये मुकदमें। शीर्ष अदालत ने देश भर की अदालतों को दिये निर्देश।
- मार्ग दुर्घटना में घायल लोगों के इलाज के लिये प्रदेश में जल्द शुरू होगी कैशलेस इलाज योजना। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में दी जानकारी।
- भारतीय ग्रैण्ड मास्टर डोम्माराजू गुकेश ने रचा इतिहास। बने सबसे कम उम्र के शतरंज के विश्व चैम्पियन।
- सुबह और रात के तापमान में गिरावट से बढ़ने लगी ठंड। प्रदेश के कई जिलों में अगले दो दिन पाला पड़ने की आशंका।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर संगम नगरी प्रयागराज आयेंगे और अगले साल तेरह जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ–दो हजार पच्चीस का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री करीब सात हजार करोड़ रुपये की महाकुंभ परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट,

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर करीब 12 : 15 बजे प्रयागराज पहुंचेंगे और संगम स्थल पर पूजा–अर्चना और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12रू40 बजे प्रधानमंत्री अक्षय वट वृक्ष स्थल पर पूजा करेंगे। प्रधानमंत्री उसके बाद हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन और पूजा करेंगे। दोपहर करीब 1रू30 बजे वे महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण करेंगे। इसके बाद वह दोपहर करीब 2 बजे प्रयागराज में लगभग सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। इसमें प्रयागराज में आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा देने और निर्बाध संपर्क प्रदान करने के लिए 10 नए रोड ओवर ब्रिज, स्थायी घाट और रिवरफ्रंट सड़कें जैसी विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाएं शामिल होंगी।***

***प्रधानमंत्री मंदिर के प्रमुख गलियारों का उद्घाटन करेंगे। इनमें भारद्वाज आश्रम गलियारा, श्रृंगवेरपुर धाम गलियारा, अक्षयवट गलियारा, हनुमान मंदिर गलियारा आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री कुंभ मेला क्षेत्र में एक रैली को भी संबोधित करेंगे। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

प्रयागराज दौरे के अवसर पर प्रधानमंत्री कुंभ 'सहायक' चैटबॉट का भी शुभारंभ करेंगे। यह चैटबॉट महाकुंभ मेला दो हजार पच्चीस के बारे में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन और कार्यक्रमों की नवीनतम जानकारी प्रदान करेगा। वहीं प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में माध्यमिक स्तर के सभी विद्यालय आज बंद रहेंगे। संस्थानों में आनलाइन शिक्षण गतिविधियां जारी रहेंगी।

**********

विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक जनसमागम महाकुंभ दो हजार पच्चीस के सकुशल आयोजन के लिये आज प्रयागराज में त्रिवेणी पूजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुंभाभिषेकम भी करेंगे। वह पावन त्रिवेणी के तट पर कुंभ कलश की स्थापना करेंगे। इसके लिये प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने मोतियों से जड़ित कुंभ कलश बनवाया है। अष्टधातु से बने इस कलश में आम का पत्ता, नारियल, गौशाला और तीर्थस्थलों के मिट्टी, गंगा जल, पंचरत्न और अनेक पूजन सामग्रियां रखी जायेंगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज होने वाले प्रयागराज दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल महाकुम्भनगर पहुंचे और सभी जरूरी तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र में केन्द्रीय अस्पताल समेत विभिन्न परियोजनाओं और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अक्षय वट, हनुमान जी मंदिर कॉरिडोर, सरस्वती कूप का भी जायजा लिया तथा सेक्टर बीस में स्थित अखाड़ों को उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री ने परेड स्थित स्थायी मेला कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी मौजूद रहे।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने देश भर की अदालतों को निर्देश दिया है कि जब तक शीर्ष अदालत में पूजा स्थल कानून का मामला लम्बित है तब तक अदालतें धार्मिक स्थल पर दावे के नये मुकदमें पंजीकृत नहीं करेंगी और न ही लम्बित मुकदमों में कोई प्रभावी अन्तरिम या अन्तिम आदेश देंगी। सर्वे का भी आदेश नहीं दिया जायेगा। ये निर्देश कल सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने पूजा स्थल विशेष प्रावधान कानून उन्नीस सौ इक्यानबे से सम्बन्धित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान जारी किये।

**********

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कल कानपुर देहात में अपने पैतृक गांव परौंख में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति के सर्वोदय विद्यालय बालिका का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेटियां इस विद्यालय में पढ़ाई करते हुए अपने सपनों को पूरा करने के लिये तैयारी भी कर सकेंगी।

**********

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी। लोकसभा में कल एक प्रश्न के लिखित उत्तर में श्री गडकरी ने कहा कि छह राज्यों में प्रचलित योजना जल्द ही उत्तर प्रदेश और बाद में देश के बाकी हिस्सों में शुरू की जाएगी। यह योजना सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है। श्री गडकरी की इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश के आयुष और खाद्य औषधि मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि केंद्र सरकार कि यह एक सकारात्मक पहल है।

***जब से ये योजना देश के कुछ हिस्सों में लागू हुई है अभी तक 21 सौ लोगों की जान बचाई जा चुकी है तो इस योजना का लाभ आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश के साथ साथ देश के अन्य राज्यों में भी मिलेगा। बहुत ही ऐतिहासिक योजना है भारत की सरकार को आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को और केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी जी को बहुत–बहुत इस बात के लिए शुभकामना और आभार।***

**********

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन–दो हजार चौबीस का ग्रैंड फिनाले कल सम्पन्न हो गया। यह आयोजन लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ सहित देश के इक्यावन केन्द्रों पर हुआ। इसके अंतर्गत लखनऊ के नोडल केंद्र इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में हुयी स्पर्धाओं में तीन टीमों ने जीत दर्ज की। भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की पशुपालकों से संबंधित समस्या का हल थापर इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने निकाला। वहीं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन आने वाले रजिस्ट्रार ऑफ न्यूजपेपर फॉर इंडिया की समस्या का समाधान मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने किया। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले भारत तिब्बत सीमा पुलिस की समस्या का समाधान जी एच रायजनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट की टीम ने निकाला। सफलता हासिल करने वाली प्रत्येक टीम को एक लाख रुपए की इनामी राशि का चेक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**********

भारत के अट्ठारह वर्षीय युवा ग्रैण्ड मास्टर डोम्माराजू गुकेश ने कल शतरंज के खेल में सिंगापुर में इतिहास रच दिया। उन्होंने गत चैम्पियन चीन के ग्रैण्ड मास्टर डिंग लिरेन को फिडे विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में चौदह बाजियों में मात देकर नया विश्व चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। गुकेश विश्व के सबसे युवा चैम्पियन बन गये हैं। वह विश्वनाथन आनंद के बाद विश्व चैम्पियन बनने वाले दूसरे भारतीय हैं। गुकेश की इस उपलब्धि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित राजनीति और खेल जगत की कई हस्तियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने कल अयोध्या में बताया कि श्री राम मंदिर निर्माण की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ ग्यारह जनवरी दो हजार पच्चीस को पौष शुक्ल द्वादशी के अवसर पर मनायी जाएगी। इसे प्रतिष्ठा द्वादशी नाम दिया गया है।

**********

पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि कल चलने वाली आनंद विहार टर्मिनस–बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा–बढ़नी–गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। इस गाड़ी का ठहराव मनकापुर एवं बस्ती स्टेशन पर नही रहेगा।

**********

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में ठंड बढ़ने लगी है। दिन में धूप खिली रहने के बावजूद सुबह और रात के ठंड में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। इस बीच, मौसम विभाग ने गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, अयोध्या मण्डल के जिलों तथा सहारनपुर, मुरादाबाद, पीलीभीत सहित पश्चिमी क्षेत्र के कई जिलों में अगले दो दिन पाला पड़ने की आशंका व्यक्त की है।

**********